हम तुम्हें पुकारें हे भगवन्!, अब आओ! आओ! भव्य हिये॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(ज्ञानोदय)

जनम हमारा जब होता तब, हम रोते पर सब हँसते।
गर सुधरा फिर जरा-मरण तो, सब रोते पर हम हँसते॥
जनम जरा वा मरण नशाने, प्रासुक जल स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं ...।

मौसम या सूरज का तपना, कभी-कभी तो रुच जाए।
पर मन का संताप जीव को, सदा-सदा ही झुलसाए॥
भव-भव का संताप नशाने, यह चंदन स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं ...।

कहीं-कहीं सम्मान मिले पर, कहीं-कहीं अपमान मिले।
आपाधापी की दुनियाँ में, किस्मत से जिनधाम मिले॥
पद की सम्पद आपद हरने, ये तंदुल स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् ...।

नासा का आकार फूल सा, सौरभ पाने ललचाए।
जिससे आतम पापी बनती, काम व्यथा यों तड़फाये॥
काम, विवादों की जड़ हरने, पुष्प गुच्छ स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि...।

मरें भूख से कम प्राणी पर, खा-खा के मरते ज्यादा।
फिर भी खाने को सब दौड़ें, मरे भूख का ना दादा॥
क्षुधारोग आतङ्क हरण को, नैवेद्यक स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं ...।

सूर्य हजारों किरणों वाला, महामोह तम हर न सके।
नाथ! आपकी एक किरण से, नशे वही कुछ कर न सके॥
मोह हरण को मिले उजाला, भक्ति दीप स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं ...।

सोने की संगत से कपड़े, मूल्यवान यशवान हुए।
तो फिर भक्त आपके बनकर, क्या? अपने ना काम हुए॥
अष्ट कर्म कालिख हरने को, धूप गंध स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं ...।

अरे! फलों से लदे पेड़ तो, धरती पर नत-मस्तक हों।
वैसे नाथ! आपको नमकर, भक्त आपके उन्नत हों॥
उन्नत होकर मोक्ष प्राप्ति को, प्रासुक फल स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं ...।

नीर भाव वंदन चंदन है, अक्षत पुंज पुष्प भक्ति।
पद नैवेद्य दीप आशा का, धूप प्रीत की फल मुक्ति॥
ऐसा अर्घ्य-अनर्घपदक को, दिलवाने स्वीकार करो।
हे मुनिसुव्रत! संकटमोचन!, सब संकट परिहार करो॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं ...।

श्री पंचकल्याणक अर्घ्य

(दोहा)

श्रावण दूजा कृष्ण को, तज प्राणत सुर इन्द्र।
सोमा माँ के गर्भ में, आए सुव्रत नंद॥

ॐ ह्रीं श्रावणकृष्णद्वितीयायां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

वैशाख कृष्ण दशमी तिथि, जन्मे सुव्रतनाथ।
सुमित्रनृप के आँगने, सुर नर नाँचे साथ॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णदशम्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं..।

दशमी वदि वैशाख को, परिग्रह का गृह छोड़।
मुनिसुव्रत तप से सजे, सो नमोऽस्तु कर जोड़॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णदशम्यां तपोमङ्गलमण्डिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

नवी कृष्ण वैशाख को, हर ली संकट रात।
भज चाहें कैवल्य हम, जय मुनिसुव्रत नाथ॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णनवम्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

फागुन द्वादश कृष्ण को, इक हजार मुनि साथ।
मोक्ष गये सम्मेद से, नमोऽस्तु सुव्रतनाथ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णद्वादश्यां मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीमुनिसुव्रतनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

श्री मुनिसुव्रतनाथ के १८ गणधर अर्घ्यावली

(दोहा)

मुनिसुव्रत तीर्थेश को, करके नमोऽस्तु आज।
गणधर गुरुओं को भजें, मिले धर्म साम्राज्य॥

(अथ अर्घ्यावली प्रारभ्यते पुष्पांजलिं...)

(विष्णु)

सुव्रतप्रभु के मल्लि गणधर, प्रथम शिष्य आहा।
ओम् ह्रीं श्री मल्लि गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मल्लि गणधराय अर्घ्यं...॥ १॥

सुव्रतप्रभु के जगद्वंद्य जी, जगद्वंद्य आहा।
ओम् ह्रीं श्री जगद्वंद्य गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री जगद्वंद्य गणधराय अर्घ्यं...॥ २॥

सुव्रतप्रभु के प्रभेस गणधर, प्रभापुंज आहा।
ओम् ह्रीं श्री प्रभेस गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री प्रभेस गणधराय अर्घ्यं...॥ ३॥

सुव्रतप्रभु के श्रुक्रोध गणधर, शुक्र नहीं आहा।
ओम् ह्रीं श्री श्रुक्रोध गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री श्रुक्रोध गणधराय अर्घ्यं...॥ ४॥

सुव्रतप्रभु के अनन्तगति जी, अनन्त करें आहा।
ओम् ह्लीं श्री अनन्तगति गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री अनन्तगति गणधराय अर्घ्यं...॥ ५॥

सुव्रतप्रभु के सालक गणधर, शल्य हरें आहा।
ओम् ह्लीं श्री सालक गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री सालक गणधराय अर्घ्यं...॥ ६॥

सुव्रतप्रभु के द्रौपद गणधर, दर्प हरें आहा।
ओम् ह्लीं श्री द्रौपद गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री द्रौपद गणधराय अर्घ्यं...॥ ७॥

सुव्रतप्रभु के बुध गणधर जी, बोधक हैं आहा।
ओम् ह्लीं श्री बुध गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री बुध गणधर गणधराय अर्घ्यं...॥ ८॥

सुव्रतप्रभु के तथांगिना जी, तथास्तु हैं आहा।
ओम् ह्लीं श्री तथांगिना गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री तथांगिना गणधराय अर्घ्यं...॥ ९॥

सुव्रतप्रभु के शिष्य पोद जी, पोषक हैं आहा।
ओम् ह्लीं श्री पोद गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री पोद गणधराय अर्घ्यं...॥ १०॥

सुव्रतप्रभु के रविषेण जी, रव-हर्त्ता आहा।
ओम् ह्लीं श्री रविषेण गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री रविषेण गणधराय अर्घ्यं...॥ ११॥

सुव्रतप्रभु के कुलकेशे जी, कुलकर सम आहा।
ओम् ह्लीं श्री कुलकेशे गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्लीं श्री कुलकेशे गणधराय अर्घ्यं...॥ १२॥

सुव्रतप्रभु के शिष्य अमर जी, अमर-तत्त्व आहा।
ओम् ह्रीं श्री अमर गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अमर गणधराय अर्घ्यं...॥ १३॥

सुव्रतप्रभु के निष्पात गणधर, निष्पक्षी आहा।
ओम् ह्रीं श्री निष्पात गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री निष्पात गणधराय अर्घ्यं...॥ १४॥

सुव्रतप्रभु के मतिश्रुति जी, मति शोधक आहा।
ओम् ह्रीं श्री मतिश्रुति गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मतिश्रुति गणधराय अर्घ्यं...॥ १५॥

सुव्रतप्रभु के शिष्य द्वतीकर, द्योतक हैं आहा।
ओम् ह्रीं श्री द्वतीकर गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री द्वतीकर गणधराय अर्घ्यं...॥ १६॥

सुव्रतप्रभु के धारण गणधर, धारो तो आहा।
ओम् ह्रीं श्री धारण गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री धारण गणधराय अर्घ्यं...॥ १७॥

सुव्रतप्रभु के सूरज गणधर, सूर्य-गुणी आहा।
ओम् ह्रीं श्री सूरज गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सूरज गणधराय अर्घ्यं...॥ १८॥

पूर्णार्घ्य

(सखी)

प्रभु मुनीसुव्रत के पहले, हैं मल्लि अंत में सूरज।
कुल शिष्य अठारह भज के, हे! आतम निज गुण से सज॥
विद्या के 'सुव्रत' चाहें, मुनिसुव्रत प्रभु सम स्वामी।
सो अर्घ्य चढ़ाकर पूजें, सुख शान्ति मिले आगामी॥

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथस्य मल्लि-आदि अष्टादश गणधरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

जाप्य मंत्र

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथस्य मल्लि-आदि अष्टादश गणधरेभ्यो नमः।

जयमाला

(दोहा)

मुनिसुव्रत प्रभु के रहे, अठारह शिष्य महान।
गणधर गुरु हम पूज लें, जयमाला गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

जिनको रोगों ने घेरा हो, संकट डालें डेरा हो।
जिनको राह नहीं दिखती हो, चारों ओर अँधेरा हो॥
दुख कष्टों से दुखी जनों को, कहीं सहारा मिले नहीं।
तो मत होना दुखी दरिद्री, मुनिसुव्रत प्रभु भजो सही॥१॥
रोग मिटेंगे स्वास्थ्य मिलेंगे, संकट भी हट जाएंगे।
राह मिलेगी लक्ष्य मिलेगा, तत्त्व प्रकट हो जाएंगे॥
प्राणत स्वर्ग त्यागकर स्वामी, जैसे कुशाग्रपुर आए।
सुमित्र राजा सोमा रानी, खुशी हुए जग हर्षाये॥२॥
समवसरण में हुए सुशोभित, शिष्य अठारह आ बैठे।
दिव्यध्वनि सुन आत्मध्यान धुन, चरणों में माथा टेके॥
पहले मल्लि ज्ञानी गणधर, अंतिम सूरज शिष्य रहे।
गुरु शिष्य की छटा निराली, हम सबको तो इष्ट रहे॥३॥
गुरु शिष्य के सम्बन्धों ने, हर सम्बन्ध सँभाले हैं।
श्रेष्ठ शिष्य बनने को हम भी, सुव्रत हुए हवाले हैं॥
नाथ कृपा इतनी बस करना, हमको चरण शरण देना।
राम लखन रामायण जैसे, संस्कार पावन देना॥४॥

सो रावण सम शनिश्चरों की, लंका हम भी करें विजय।
सीता सी आतम को पा के, मोक्षमहल का खुले निलय॥
फिर संकट उपसर्ग न होंगे, करे प्रजा त्यौहार सदा।
'सुव्रत' की बस यही प्रार्थना, छूटे न गुरु छाँव कदा॥५॥

(दोहा)

मुनिसुव्रत भगवान् के, पूजे गणधर नाम।
मल्लि शिष्य सम शिष्य हों, सो हम करें प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं श्री मल्लि-आदि अष्टादश गणधर सहित श्रीमुनिसुव्रतनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

शिष्य मुनिसुव्रत के करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे! गणधर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

आस्था व बोध
संयम की कृपा से
मंजिल पाते

श्री नमिनाथ पूजन

स्थापना

(दोहा)

मंगलमय नमिनाथ हैं, करें सर्व उपकार।
आत्मज्ञान रस लीन हैं, भव-सागर के पार॥
जिनके चरण सरोज में, विनम्र चारों धाम।
तारण-तरण जहाज को, बारम्बार प्रणाम॥

(शंभु)

हे परम पूज्य नमिनाथ प्रभो! हे परमपूज्य जगनाथ प्रभो!
प्रभु लोक शिखर के तुम वासी, फिर भी घट-घट में वास करो॥
दुनियाँ के बन्धन टूट पड़े, जब नाम ध्यान में आता है।
दर्शन पूजन जप तप करके, हर आत्म बन्ध खुल जाता है॥
जब चरण-शरण तेरी हो तो, भव भोग शरीर रुचें कैसे।
हर पुण्य लगे सार्थक लेकिन, हम रहें आप बिन अब कैसे॥
इसलिए रचाई जिन-पूजन, बस अपनी पूर्ण मिटे दूरी।
नत माथ नमोऽस्तु करते हम, हो मनोकामना झट पूरी॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

सब पूज रहे प्रभु के चरणा, जिनसे मिलता निज रूप घना।
वह आतम का श्रृंगार करें, वह शीघ्र हमें भव पार करें॥
अब जन्म मृत्यु का दुख हरने, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, जल स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं...।

विपरीत समय में डर न उन्हें, जिन पर करुणा प्रभु बरसाते।

कर चारु चन्द्र सम चिन्तन वो, चैतन्य चिदातम निज ध्याते॥
कारुण्य धार वह पाने को, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, शीत् स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं...।

आशीष आपका सब चाहें, जो हर लेता संकट आहें।
चित्-पिण्ड अखण्ड प्रदान करें, दें मोक्षमहल शाश्वत राहें॥
आशीष हाथ तेरा पाने, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, पुंज स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।

अनकूल रहें प्रतिकूल रहें, यों रहें खुशी ज्यों फूल रहें।
सम्मान मिले अपमान मिले, बस प्रभु चरणों की धूल मिले॥
वह चरण धूल प्रभु की पाने, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, पुष्प स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि...।

इन नयन कटोरों में केवल, पकवान वसे भगवान् नहीं।
भगवान् बिना निजज्ञान नहीं, निजज्ञान बिना कल्याण नहीं॥
भगवान् वसो इन नयनों में, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, चरु स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...।

इस पाप अँधेरे के कारण, निज आत्मज्योति आच्छादित है।
जो करे आरती दीप जला, वह पाता ज्ञान प्रकाशित है॥
वह आत्म ज्योति प्रकटाने को, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, दीप स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं...।

निज–निधियों पर शिव–गलियों पर, अत्यन्त ठोस है कर्म शिला।
पर धूप–कुदाल लिया जिसने, निज–वैभव उसको शीघ्र मिला॥
वह कर्म शिला चटकाने को, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, धूप स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं...।

भगवान् यही वरदान मिले, प्रभु शीघ्र हमें तुम अपना लो।
जो मोक्षसिंधु तक फैली है, उस जिन–गंगा में नहला लो॥
जिन से निज के प्रक्षालन को, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, फल स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं...।

हम अर्घ्य चढ़ाएँ गुण गाएँ, हम करें नमोऽस्तु जिन–सेवा।
क्या? इससे नाथ तुम्हें मिलता, पर हमें प्राप्त हो सुख मेवा॥
निज–मुक्ति भक्ति से पाने को, हम भेंट नमोऽस्तु लाए हैं।
नमिनाथप्रभु की पूजा में, सब स्वाहा करने आए हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

श्री पंचकल्याणक अर्घ्य

(दोहा)

क्वाँर कृष्ण की दूज को, तज अपराजित स्वर्ग।
आए प्रभु नमिनाथ जी, वप्पिला माँ के गर्भ॥

ॐ ह्रीं आश्विनकृष्णद्वितीयायां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

दसें कृष्ण आषाढ़ को, जन्मे प्रभु नमिनाथ।
लड्डू राजा विजय ने, बाँटे, नाँचे साथ॥

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णदशम्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

संत जन्म तिथि में बने, पा रत्नत्रय वस्तु।
निर्ग्रन्थी नमिनाथ को, बारम्बार नमोऽस्तु॥

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णदशम्यां तपोमङ्गलमण्डिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

ग्यारस अगहन शुक्ल में, हुआ ज्ञान कल्याण।
परमपिता नमिनाथ को, दुनियाँ करे प्रणाम॥

ॐ ह्रीं मगसिरशुक्ल-एकादशम्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीनमिनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

चौदस कृष्ण वैशाख को, मोक्ष गए नमिनाथ।
शिखर मित्रधरकूट को, नमन करें नत माथ॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णाचतुर्दश्यां मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

श्री नमिनाथ के १७ गणधर अर्घ्यावली

(दोहा)

नमिनाथ तीर्थेश को, करके नमोऽस्तु आज।
गणधर गुरुओं को भजें, मिले धर्म साम्राज्य॥

(अथ अर्घ्यावली प्रारभ्यते पुष्पांजलिं...)

(विष्णु)

नमिनाथ के शिष्य सोम जी, सौम्य भाव आहा।
ओम् ह्रीं श्री सोम गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सोम गणधराय अर्घ्यं...॥१॥

नमिनाथ के जम्बुक्ष गणधर, जम-हर्त्ता आहा।
ओम् ह्रीं श्री जम्बुक्ष गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री जम्बुक्ष गणधराय अर्घ्यं...॥ २॥

नमिनाथ के केवली गणधर, केवली हैं आहा।
ओम् ह्रीं श्री केवली गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री केवली गणधराय अर्घ्यं...॥ ३॥

नमिनाथ के श्रुतकेवली जी, श्रुत के धन आहा।
ओम् ह्रीं श्री श्रुतकेवली गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री श्रुतकेवली गणधराय अर्घ्यं...॥ ४॥
नमिनाथ के विष्णु गणधर, विष-शोधक आहा।
ओम् ह्रीं श्री विष्णु गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री विष्णु गणधराय अर्घ्यं...॥ ५॥
नमिनाथ के शिष्य गजानन, गजरथ दें आहा।
ओम् ह्रीं श्री गजानन गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री गजानन गणधराय अर्घ्यं...॥ ६॥
नमिनाथ के आरोधक जी, आरोहक आहा।
ओम् ह्रीं श्री आरोधक गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री आरोधक गणधराय अर्घ्यं...॥ ७॥
नमिनाथ के जगतपती जी, जगतपती आहा।
ओम् ह्रीं श्री जगतपती गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री जगतपती गणधराय अर्घ्यं...॥ ८॥
नमिनाथ के चिन्तागति जी, चिंतामणि आहा।
ओम् ह्रीं श्री चिन्तागति गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री चिन्तागति गणधराय अर्घ्यं...॥ ९॥
नमिनाथ के अनेन गणधर, अन्य नहीं आहा।
ओम् ह्रीं श्री अनेन गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री अनेन गणधराय अर्घ्यं...॥ १०॥
नमिनाथ के नरलोक गणधर, नर-भूषण आहा।
ओम् ह्रीं श्री नरलोक गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री नरलोक गणधराय अर्घ्यं...॥ ११॥

नमिनाथ के श्रेणी गणधर, श्रेणी सुख आहा।
ओम् ह्रीं श्री श्रेणी गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री श्रेणी गणधराय अर्घ्यं...॥ १२॥

नमिनाथ के मुक्तांग गणधर, मुक्त करें आहा।
ओम् ह्रीं श्री मुक्तांग गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री मुक्तांग गणधराय अर्घ्यं...॥ १३॥

नमिनाथ के अनुभूत गणधर, अनुभव दें आहा।
ओम् ह्रीं श्री अनुभूत गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री अनुभूत गणधराय अर्घ्यं...॥ १४॥

नमिनाथ के चारुषन जी, चारुचंद्र आहा।
ओम् ह्रीं श्री चारुषन गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री चारुषन गणधराय अर्घ्यं...॥ १५॥

नमिनाथ के ऋजम्बू गणधर, ऋजु-धर्मा आहा।
ओम् ह्रीं श्री ऋजम्बू गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री ऋजम्बू गणधराय अर्घ्यं...॥ १६॥

नमिनाथ के जरतु गणधर, जरा हरें आहा।
ओम् ह्रीं श्री जरतु गणधराय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं श्री जरतु गणधराय अर्घ्यं...॥ १७॥

पूर्णार्घ्य

(विष्णु)

नमिनाथ के शिष्य सोम जी, पहले गणधर हैं।
अंतिम जरतु रहें सभी मिल, सत्रह गणधर हैं॥
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, हमको शिक्षा दो।
आतम 'विद्या' पाने स्वामी, 'सुव्रत' दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं श्री नमिनाथस्य सोम-आदि सप्तदश गणधरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

<u>जाप्य मंत्र</u>

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथस्य सोमादि सप्तदश गणधरेभ्यो नमः।

जयमाला

(दोहा)

नमिनाथ प्रभु के रहे, सत्रह शिष्य महान।
गणधर गुरु हम पूज लें, जयमाला गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

जय नमिनाथ परम अवतारी, आप अंत संसारी हो।
शुद्ध मोक्ष निज के रसिया पर, हितकारी संसारी को॥
अद्वितीय यह कला आपकी, खूब रुचे संसारी को।
चरण-शरण में रहे कहे गुण, रह न सके संसारी वो॥१॥
अपराजित विमान को तजकर, मिथिला नगरी जन्म लिए।
विजय राज वप्रा माता को, देकर उत्सव धन्य किए॥
जब छद्मस्थ वर्ष नव बीते, तभी बकुल तरुतल में जा।
बेला का संकल्प निभाकर, केवलज्ञान लिया उपजा॥२॥
सत्रह गणधर की संसद में, दिव्यध्वनि दे धर्म कहे।
प्रथम सोम अंतिम जरतु जी, ज्ञानी गणधर श्रेष्ठ रहे॥
गुरु शिष्य का ये गठबन्धन, भक्तों के बन्धन काटें।
मुक्त करें भव के दुख वन से, खुशियों की माला बाँटें॥३॥
इसीलिए तो हम भक्तों ने, पूजा है गुरु शिष्यों को।
आप परम गुरु बनकर तारो, भक्तों को निज शिष्यों को॥
सो हम भी अपने गुरुवर के, संग मोक्ष में घूमेंगे।
बनकर शिष्य पूज्य गुरुओं को, भाव भक्ति से पूजेंगे॥४॥

लेकिन दूरी मिटी न अपनी, लक्ष्य दूर है राह बड़ी।
छोटे से हम भक्तों के दिल, फँसे न जग में फिकर खड़ी॥
वैरी दुनियाँ नित मारे पर, उसका कुछ भी असर नहीं।
'सुव्रत' पर बस यही कृपा हो, जिसकी जग को खबर नहीं॥५॥

(दोहा)

नमिनाथ भगवान् के, पूजे गणधर नाम।
सोम शिष्य सम शिष्य हों, सो हम करें प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

शिष्य नमि प्रभु के करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे! गणधर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

हीरा हीरा है
काँच काँच है किन्तु
ज्ञानी के लिए

श्री नेमिनाथ पूजन

स्थापना

(दोहा)

निज निर्ग्रन्थ निवास में, जो निरखें निजधाम।
ऐसे नेमिजिनेश को, पूजें करें प्रणाम॥

(लय : माता तू दया करके...)

श्रद्धा की केशरिया, हम चादर ओढ़ चले।
जब कुछ नहिं सूझा तो, हाथों को हि जोड़ चले॥
हे! नेमिनाथ जिनवर, चैतन्य विरामी हो।
रह के कण-कण में भी, प्रभु अंतर्यामी हो॥
तुम जीव दया करने, त्यागे अपनी खुशियाँ।
हम भले उजड़ जाएँ, पर सुखी रहे दुनियाँ॥
फिर राज-भोग छोड़े, राजुल भी ना भायी।
तो चेतन की खुशबू, झट मुक्ति वधू लायी॥
हे! दयामूर्ति हम पर, प्रभु एक दया कर दो।
हम करें नमोऽस्तु तो, मन-चिदानन्द भर दो॥
श्रद्धा की केशरिया...।

(दोहा)

भक्ति सुमन ये भेंटकर, नाँच उठे मन मोर।
हृदय वसो तो हम चलें, मोक्षमहल की ओर॥

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

अपनों ने हि जन्म दिया, अपनों ने हि मार दिया।
फिर भी अपनों से क्यों, हमने तो प्यार किया॥

अपनों का अपनापन, जल से हम भी हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं...।

अपनों ने हि ईर्ष्या से, अपनों को जला दिए।
फिर भी ना राख हुए, कितने भव गवाँ दिए॥
अपनों की यह ईर्ष्या, चंदन से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं...।

अपनों ने हि घाव दिए, तो आँसू भी झलके।
हम उन्हें मित्र मानें, जो साथी नहिं पल के॥
अपनों की ये पीड़ा, अक्षत से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।

अपनों ने जो जाल रचे, उनमें अपने ही फँसे।
काँटों से बच निकले, पर फूलों में उलझे॥
अपनों की उलझ-सुलझ, पुष्पों से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया, हम चादर ओढ़ चले।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि...।

अपनों की तलाश में हम, नित भूख-प्यास सहते।
हम जिनको अमृत दें, वे हमें जहर देते॥

अपनों के विष-अमृत, नैवेद्य से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...।

अपनों ने ही भटका के, दर-दर की ठोकर दीं।
हम रहें अँधेरे में, अपना सब खोकर भी॥
अपनों की यह भटकन, दीपों से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं...।

अपनों ने हि धोखे से, अपना सब कुछ छीना।
जीने की आश न थी, फिर भी तो पड़ा जीना॥
अपनों के ये धोखे, प्रभु धूप से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं...।

अपनों की मृग-तृष्णा, सपनों को दिखाकर के।
हमको लूटे तो हम, भागे मुँह छिपाकर के॥
अपनों के ये सपने, फल से हम भी हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया...।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं...।

अपनों ने हि साथ दिया, जब सुख से दिन गुजरे।
सब छोड़ गए हम को, जब भाग्य कमल उजड़े॥

फिर भी अपनों का यह, हम राग न छोड़ सके।
प्रभु सामने हैं पर हम नाता न जोड़ सके॥
प्रभु के रंग में हम भी, अब रंगने को आए।
जो है शाश्वत अपना, वह संग पाने आए॥
अपनों की यह भ्रमणा, प्रभु अर्घ्य से हम हर लें।
साँवरिया नेमिप्रभु, हम तुम्हें नमन कर लें॥
श्रद्धा की केशरिया, हम चादर ओढ़ चले।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

श्री पंचकल्याणक अर्घ्य

(लय : श्री सिद्धचक्र का पाठ...)

श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ाके अर्घ्य, सर्व कल्याणी।
हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
जब हुआ गर्भ कल्याणक था, तब रत्न-दृश्य मनमोहक था।[२]
फिर शौर्यपुरी में आन पधारे नेमि-जिससे दुनियाँ हर्षानी॥
श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ाके अर्घ्य, सर्व कल्याणी....

(दोहा)

कार्तिक षष्ठी शुक्ल में, शिवदेवी के गर्भ।
नेमिप्रभु जी आ वसे, तजकर जयन्त स्वर्ग॥

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्लषष्ठ्यां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

प्रभु जन्म लिए तो सुर पहुँचे, नृप समुद्रविजय के घर नाँचे।[२]
अभिषेक मेरु पै देव करें वरदानी, प्रभु पाण्डुकशिला विरामी॥
श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ाके अर्घ्य, सर्व कल्याणी।
हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥

श्रावण षष्ठी शुक्ल में, हुआ जनम का शोर।
समुद्रविजय के आँगने,नेमि किए किलकोर॥

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लषष्ठ्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

प्रभु देख प्राणियों का क्रन्दन, झट तजे राज राजुल बन्धन।[२]
फिर माँ-बाबुल का तज के दाना-पानी, प्रभु बने भेद विज्ञानी॥
श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ाके अर्घ्य, सर्व कल्याणी....
श्रावण षष्ठी शुक्ल में, पशुओं की सुन त्राण।
नेमिप्रभु तप से सजे, हम तो करें प्रणाम॥

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लषष्ठ्यां तपोमङ्गलमण्डिताय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

प्रभु ध्यान लगाकर जब बैठे, तब घातिकर्म बन्धन टूटे।[२]
फिर समवसरण में दिए देशना ज्ञानी, सबने पूजी जिनवाणी॥
श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ाके अर्घ्य, सर्व कल्याणी....
शुक्ला एकम् क्वांर को, घाति कर्म जयोऽस्तु।
मोक्षमार्ग अध्यात्म-दा, नेमि प्रभु को नमोऽस्तु॥

ॐ ह्रीं अश्विनशुक्लप्रतिपदायां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

सब कर्म हरे गिरिनारी से, फिर मिले मुक्ति की नारी से।[२]
देवों ने उत्सव करने की फिर ठानी, अब हम तो करें नमामि॥
श्री नेमिप्रभु के पर्व, चढ़ाके अर्घ्य, सर्व कल्याणी।
हम करें नमोऽस्तु स्वामी॥
आठें (सातें) शुक्ल अषाढ़ को, प्राप्त किए निर्वाण।
नेमिप्रभु गिरनार को, बारम्बार प्रणाम॥

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्ल-अष्टम्यां (सप्तम्यां) मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीनेमिनाथ-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

श्री नेमिनाथ के ११ गणधर अर्घ्यावली

(दोहा)

नेमिनाथ तीर्थेश को, करके नमोऽस्तु आज।
गणधर गुरुओं को भजें, मिले धर्म साम्राज्य॥

(अथ अर्घ्यावली प्रारभ्यते पुष्पांजलिं...)

(विष्णु)

नेमिनाथ के वरदत्त गणधर, वरदाता आहा।
ओम् ह्रीं श्री वरदत्त गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वरदत्त गणधराय अर्घ्यं...॥ १॥

नेमिनाथ के खड्गानन जी, खड्गासन आहा।
ओम् ह्रीं श्री खड्गानन गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री खड्गानन गणधराय अर्घ्यं...॥२॥

नेमिनाथ के मनगत गणधर, मनोविजय आहा।
ओम् ह्रीं श्री मनगत गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री गणधराय अर्घ्यं...॥३॥

नेमिनाथ के शिष्य दंत जी, दंश हरें आहा।
ओम् ह्रीं श्री दंत गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री दंत गणधराय अर्घ्यं...॥४॥

नेमिनाथ के शिष्य सकोमल, सकुचित ना आहा।
ओम् ह्रीं श्री सकोमल गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सकोमल गणधराय अर्घ्यं...॥५॥

नेमिनाथ के मणिदीप जी, मणिदीप आहा।
ओम् ह्रीं श्री मणिदीप गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मणिदीप गणधराय अर्घ्यं...॥६॥

नेमिनाथ के मदुर्य गणधर, मधुर करें आहा।
ओम् ह्लीं श्री मदुर्य गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मदुर्य गणधराय अर्घ्यं...॥७॥

नेमिनाथ के मेघनाद जी, मेघ गुणी आहा।
ओम् ह्लीं श्री मेघनाद गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मेघनाद गणधराय अर्घ्यं...॥८॥

नेमिनाथ के सुंदरतल जी, सुंदर हैं आहा।
ओम् ह्लीं श्री सुंदरतल गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सुंदरतल गणधराय अर्घ्यं...॥९॥

नेमिनाथ के शिष्य कदंबक, कंदर्प हरें आहा।
ओम् ह्लीं श्री कदंबक गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री कदंबक गणधराय अर्घ्यं...॥१०॥

नेमिनाथ के शिष्य ज्येष्ठ जी, ज्येष्ठ रहे आहा।
ओम् ह्लीं श्री ज्येष्ठ गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री ज्येष्ठ गणधराय अर्घ्यं...॥११॥

पूर्णार्घ्य

(अडिल्ल)

नेमिनाथ के प्रथम शिष्य वरदत्त हैं।
अंतिम गणधर ज्येष्ठ निराले भक्त हैं॥
कुल ग्यारह गणधर हम पूजें अर्घ्य लें।
विद्या के सुव्रत को आतम पर्व दें॥

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथस्य वरदत्त-आदि एकादश गणधरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

जाप्य मंत्र

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथस्य वरदत्त-आदि एकविंशति गणधरेभ्यो नमः।

जयमाला

(दोहा)

नेमिनाथ प्रभु के रहे, ग्यारह शिष्य महान।
गणधर गुरु हम पूज लें, जयमाला गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

जिनके तपश्चरण की चर्चा, तीन लोक में गूँज रही।
जीवदया वैराग्य कथा को, सारी दुनियाँ पूज रही॥
अन्य-सभी तीर्थंकर से भी, जिनके अतिशय भिन्न रहे।
ऐसे नेमिनाथ जिनवर के, गुण गा हृदय प्रसन्न रहे॥ १॥
जयन्त विमान को तजकर स्वामी, नगर द्वारिका अवतारे।
समुद्रविजय शिवदेवी माँ को, देकर स्वप्न जगत तारे॥
छप्पन दिन छद्मस्थ बिता के, गिरिनारी पर्वत पर जा।
बने बाँस के नीचे ध्यानी, केवलज्ञान तभी उपजा॥२॥
ज्ञान पर्व देवों ने करके, समवसरण भी सजा दिया।
ग्यारह गणधर की संसद को, नेमिनाथ ने जगा दिया॥
पहले श्री वरदत्त शिष्य जी, अंतिम रहे ज्येष्ठ गणधर।
गुरु शिष्य के ऐसे रिश्ते, देते हैं सुख भर-भरकर॥३॥
इसीलिए तो हम भी आए, दूर कष्ट दुख करने को।
गुरु शिष्य की परम्परा में, खुद को शामिल करने को॥
हमको अगर आपने अपना, प्रियतम शिष्य बना डाला।
तो विश्वास दिलाते हैं हम, मुक्ति करेगी वरमाला॥४॥
कौरव पाण्डव सम न लड़ेंगे, नहीं महाभारत होगा।
झट हम भी गिरनार चढ़ेंगे, सुखी स्वस्थ भारत होगा॥

बचपन होगा कृष्ण सरीखा, बलदाऊ सा हो यौवन।
पाण्डव सम तप वृद्ध दशा हो, नेमिनाथ सम ब्रह्म रमण॥५॥
सजा-धजा तज विवाह मण्डप, नेंग और दस्तूर तजे।
तजे बराती त्यागी दुल्हन, राजुल को भी नेमि तजे॥
राजुल जैसे हमें न छोड़ो, थामो नाजुक हाथों को।
'सुव्रत' की बस यही प्रार्थना, हर लो गम की रातों को॥६॥

(दोहा)

नेमिनाथ भगवान् के, पूजे गणधर नाम।
वरदत्त सम शिष्य हों, सो हम करें प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं श्री वरदत्तादि एकादश गणधर सहित श्रीनेमिनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

शिष्य नेमि प्रभु के करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे! गणधर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

दर्पण कभी
न रोया न हँसा हो
ऐसा सन्यास

श्री पार्श्वनाथ पूजन

स्थापना (दोहा)

निर्बलता अब छोड़ कर, निर्मल भजो जिनेश।
प्रभु-पूजा वरदायिनी, वर पा बनो महेश॥

(शंभु)

हे पार्श्वनाथ! हे पार्श्वनाथ! हे पार्श्वनाथ! उपसर्गजयी।
हे चिंतामणि! अंतर्यामी!, हे पार्श्वनाथ! परिषह विजयी॥
जिनने अपने मानस तल पर, प्रभु! नाम किया अंकित तेरा।
वे अतिशय ऊर्जावान हुए, पा शक्ति, मुक्ति का पथ डेरा॥
तूफान घटा हो या आँधी, तो पार्श्वनाथ के भक्त कभी।
ना चंचल हों ना धैर्य तजें, हैरान नहीं हों दास सभी॥
वे कर्मजयी हों दयामई, जो पार्श्वनाथ को पाते हैं।
हम करें अर्चना कल्याणी, हो विश्वशान्ति यह ध्याते हैं॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

(ज्ञानोदय)

जनम-मरण का क्या कहना? पर, असमय मरण कभी सोचे।
माँ के आँसू इतने बरसे, सागर पड़े बड़े छोटे॥
जल से जनम मरण हरने को, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं...।

आपस की टकरार भयंकर, जलें महावन भी इससे।
भवाताप का क्या कहना हो?, भव-भव में जलते इससे॥
चंदन से भव-ताप मिटाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं...।

धरा रहेगी, धरा रहेगा, हमको तो निश्चित जाना।
मुट्ठी बाँधे सब आते पर, हाथ पसारे ही जाना॥
पुंज चढ़ा अक्षयपद पाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन बस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय-अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।

काँटों से हम बचते रहते, तभी फूल ना खिल पाते।
सम्यक् ना पुरुषार्थ करें तो, आत्म शान्ति भी ना पाते॥
पुष्प चढ़ाकर काम नशाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि...।

भोजन कर ज्यों मौज उड़ाते, अगर बुराई त्यों खाएँ।
देह-व्याधियाँ लूट-मार सब, तत्क्षण जग से नश जाएँ॥
ये नैवेद्य क्षुधा रुज हरने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...।

दीप जला आरति करने से, शाम-रात क्या हट सकती?
पर श्रद्धा दीपक से अपनी, शाम-रात भी टल सकती॥
अपना श्रद्धा दीप जलाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं...।

धूप जले खुद, पर जग महके, उसे पराये राख करें।
ऐसे ही आतम का सौरभ, कर्म कीच रज नाश करे॥
खेकर धूप कर्म-रज हरने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं...।

आज सँभालो कल सँभलेगा, हर मुश्किल का हल होगा।
पल मत खोना छल मत करना, मंजिल-पथ समतल होगा॥
विधिफल त्याग मोक्ष फल पाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं...।

द्रव्य मिला वसु अर्घ्य बनाए, भक्त मूल्य इसका जानें।
ऋद्धि-सिद्धि मंगलमय सक्षम, इच्छा पूरक भी मानें॥
अर्घ्य चढ़ाकर अनर्घपद पाने, पार्श्वनाथ को हम ध्याएँ।
भयहर! हे उपसर्ग विजेता!, भक्तों के मन वस जाएँ॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

श्री पंचकल्याणक अर्घ्य

(दोहा)

दूज कृष्ण वैशाख को, तज प्राणत सुर धाम।
वामा माँ के गर्भ में, वसे पार्श्व भगवान॥

ॐ ह्रीं श्री गर्भकल्याणकमण्डित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

पौष कृष्ण ग्यारस तिथि, जन्मे पार्श्वकुमार।
विश्वसेन काशी करे, नाँच-नाँच त्यौहार॥

ॐ ह्रीं श्री जन्मकल्याणकमण्डित श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्रायअर्घ्यं...।

पौष कृष्ण एकादशी, पार्श्व बने निर्ग्रन्थ।
तप कल्याणक हम भजें, हो नमोऽस्तु जयवंत॥

ॐ ह्रीं श्री तपकल्याणकमण्डित श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

कृष्ण चतुर्थी चैत्र को, जीते सब उपसर्ग।
पार्श्व प्रभु को नमोऽस्तु कर, करें ज्ञान का पर्व॥

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानकल्याणकमण्डित श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

श्रावण शुक्ला सप्तमी, मोक्ष सप्तमी पर्व।
नमोऽस्तु पार्श्व निर्वाण को, भजें शिखरजी सर्व॥

ॐ ह्रीं श्री मोक्षकल्याणकमण्डित श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

श्री पार्श्वनाथ के १० गणधर अर्घ्यावली

(दोहा)

पार्श्वनाथ तीर्थेश को, करके नमोऽस्तु आज।
गणधर गुरुओं को भजें, मिले धर्म साम्राज्य॥

(अथ अर्घ्यावली प्रारभ्यते पुष्पांजलिं...)

(विष्णु)

पार्श्वनाथ के शिष्य स्वयंभू, स्वयंभुवा आहा।
ओम् ह्रीं श्री स्वयंभू गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री स्वयंभू गणधराय अर्घ्यं...॥ १॥

पार्श्वनाथ के हलि गणधर जी, हलकर्त्ता आहा।
ओम् ह्रीं श्री हलि गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री हलि गणधराय अर्घ्यं...॥ २॥

पार्श्वनाथ के नतबल गणधर, नतमस्तक आहा।
ओम् ह्रीं श्री नतबल गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री नतबल गणधराय अर्घ्यं...॥ ३॥

पार्श्वनाथ के शिष्य निलंगद, निलय रूप आहा।
ओम् ह्रीं श्री निलंगद गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री निलंगद गणधराय अर्घ्यं...॥ ४॥

पार्श्वनाथ के महानील जी, महा नयन आहा।
ओम् ह्रीं श्री महानील गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री महानील गणधराय अर्घ्यं...॥ ५॥

पार्श्वनाथ के पुरुषोत्तम जी, पुरुषार्थी आहा।
ओम् ह्रीं श्री पुरुषोत्तम गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री पुरुषोत्तम गणधराय अर्घ्यं...॥ ६॥

पार्श्वनाथ के भृनान गणधर, भ्रम ना दें आहा।
ओम् ह्रीं श्री भृनान गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री भृनान गणधराय अर्घ्यं...॥ ७॥

पार्श्वनाथ के सम्यक्त गणधर, सम्यक् हैं आहा।
ओम् ह्रीं श्री सम्यक्त गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सम्यक्त गणधराय अर्घ्यं...॥ ८॥

पार्श्वनाथ के देवगने जी, देवगुणी आहा।
ओम् ह्रीं श्री देवगने गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री देवगने गणधराय अर्घ्यं...॥ ९॥

पार्श्वनाथ के ज्ञानगोचर जी, ज्ञानगुणी आहा।
ओम् ह्रीं श्री ज्ञानगोचर गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री ज्ञानगोचर गणधराय अर्घ्यं...॥ १०॥

पूर्णार्घ्य

(पद्धड़ी)

श्री पार्श्वनाथ स्वामी जी के, हैं प्रथम स्वयंभू गणधर जी।
हैं अंतिम शिष्य ज्ञानगोचर, कुल शिष्य रहे दस गणधर जी॥
ले अर्घ्य अर्चनाएँ करके, हम देखें स्वप्न बनारस के।
सम्मेदशिखर 'सुव्रत' चाहें, निज 'विद्या' पद प्रभु पारस के॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथस्य स्वयंभू-आदि दश गणधरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

जाप्य मंत्र

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथस्य स्वयंभू-आदि दश गणधरेभ्यो नमः।

जयमाला

(दोहा)

पार्श्वनाथ प्रभु के रहे, दस श्री शिष्य महान।
गणधर गुरु हम पूज लें, जयमाला गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

संकट उपसर्गों से डरकर, जिनको जीवन दुख लगता।
पाप त्यागने से जो डरते, मोक्षमार्ग से भय लगता॥
अपनी हिम्मत हारे चुके जो, टूट चुके जो बिखर चुके।
वो पाकर पारस का सम्बल, ऋद्धि-सिद्धि पर संवर चुके॥१॥
दुख संकट उपसर्ग उन्हें अब, कभी सता ना सकते हैं।
उनका जीवन कुन्दन सम हो, जो पारस को भजते हैं॥
जी हाँ! ये वो ही पारस जो, जन्म बनारस लेते हैं।
अश्वसेन के राज दुलारे, वामा माँ के बेटे हैं॥२॥
मोक्ष गए सम्मेदशिखर से, तेईसवें तीर्थेश रहे।
आओ! उनकी कथा वाँच लें, जो हम सब के ईश रहे॥
प्राणत स्वर्ग त्यागकर आए, नगर बनारस जन्म लिए।
अश्वसेन वामा देवी को, देकर सपने धन्य किए॥३॥
यूँ छद्मस्थ चार माहों के, बाद कमठ के प्राणी ने।
दस भव के रिपु शम्बर बनकर, कष्ट दिए अभिमानी ने॥
सात दिनों तक महाभयंकर, उपसर्गों को पार्श्व छुए।
पद्मावति ने छत्र लगाया, फणारूप धरणेन्द्र हुए॥४॥
दूर हुआ उपसर्ग कमठ का, प्रभु को केवलज्ञान हुआ।
दस गणधर की भरी सभा में, दिव्यध्वनि उपदेश हुआ॥

प्रथम स्वयंभू गणधर जिनके, अंत ज्ञानगोचर ज्ञानी।
गुरु शिष्य के रिश्ते नाते, पसंद करती जिनवाणी॥५॥
अतः पूजने हम आए हैं, शिष्य हमें स्वीकार करो।
सो उपसर्ग कमठ के ना हों, सुखी स्वस्थ संसार करो॥
स्वर्णभद्र की कूट शिखरजी, श्रावण शुक्ल सप्तमी को।
किये मोक्ष कल्याणक उत्सव, सबने मोक्ष सप्तमी को॥११॥
तब से अब तक पारस प्रभु के, जय-जयकारे गूँज रहे।
प्रभु जैसे उपसर्ग विजेता, बनने हम सब पूज रहे॥
क्षमा धरें भव पार करें हम, पूजा का फल यह देना।
'विद्या' के 'सुव्रत' को पारस, पारसमणि सम कर देना॥१२॥

(दोहा)

पार्श्वनाथ भगवान् के, पूजे गणधर नाम।
स्वयंभू सम शिष्य हों, सो हम करें प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं श्री स्वयंभू आदि दश गणधर सहित श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

शिष्य पार्श्व प्रभु के करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे! गणधर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

श्री महावीर पूजन

स्थापना (ज्ञानोदय)

जय महावीर-जय महावीर!,
शासननायक-जय महावीर।

जय बोलें हम महावीर की, इतना बस वरदान मिले।
महावीर से महा वीर का, बनने का बस ज्ञान मिले॥
''जियो और जीने दो'' सबको, समझ बूझकर अपनाएँ।
करें भक्ति से महा अर्चना, महावीर के गुण गाएँ॥
अष्ट द्रव्य की थाल सजायी, भक्ति भाव से खुशी-खुशी।
अगर न आए मन में प्रभु तो, अपनी होगी सुनो हँसी॥
अर्जि हमारी मर्जि तुम्हारी, अपनालो या ठुकरा दो।
आज नहीं तो कल जब चाहो, नाँव हमारी तिरवा दो॥

जय महावीर-जय महावीर!,
शासननायक-जय महावीर।

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर...। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः...। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्...। (पुष्पांजलिं...)

यह दुनियाँ तो सूख रही पर, नयन हमारे बरस रहे।
दर्शन पूजन के प्यासे हैं, आकुल-व्याकुल तरस रहे॥
अर्पण यह जल मिले कृपा-जल, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्युविनाशनाय जलं...।

जल जलकर इतने जल बैठे, भस्मसात ज्यों जंगल हों।
मिला न कंचन खिला न उपवन, हरो ताप अब शीतल हों॥
अर्पण चंदन त्रिशलानन्दन, पाँच नाम को तुम धारो।

वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय संतारतापविनाशनाय चंदनं...।

दर्शन और प्रदर्शन करके, हम भूले प्रभु की बतियाँ।
रागी बने, नहीं वैरागी, तभी भटकते भव-गतियाँ॥
पुंज चढ़ाएँ शिव पद पाएँ, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।

ना माला ना बाग बगीचा, नहीं बनें हम गुलदस्ता।
बस छोटा सा पुष्प बनें हम, जो प्रभु के पद में वसता॥
पुष्प चढ़ाएँ काम नशाएँ, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पाणि...।

कभी नमक से कभी नीर से, कभी छका-छक भोगों से।
भूखे प्यासे मन बहलाया, किन्तु बचे ना रोगों से॥
क्षुधा मिटे नैवेद्य चढ़ाएँ, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...।

ना बनना सूरज ना चंदा, ना जुगनूँ ना ही बिजली।
बस छोटा सा दीप बनें जो, करे आरती भली-भली॥
मोह मिटाने दीप चढ़ाएँ, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं...।

सम्यक् तप बिन राख हुए पर, कर्म झुलस भी ना पाए।
अब खुद को ही धूप बनाकर, कर्म जलाने हम आए॥

जगत्-भूप को धूप चढ़ाएँ, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं...।

संकल्पों की धरती पर तो, लगें सफलता के फल ही।
हमें वही संकल्प दान दो, तुम्हें चढ़ाएँ हम फल भी॥
मिले मोक्ष फल अर्पण ये फल, पाँच नाम को तुम धारो।
वीर! बालयति-पंचम अब तो, भक्त भावना स्वीकारो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं...।

हम तो एक जमीं के कण हैं, तीन लोक के तुम स्वामी।
अपना जीवन निंदित है पर, श्रेष्ठ पूज्य तुम जगनामी॥
ओस बूँद हम रत्नाकर तुम, रत्नों से झोली भर दो।
हम तो अर्घ्य चढ़ाएँ सादर, नजर दया की तुम कर दो॥

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

श्री पंचकल्याणक अर्घ्य (दोहा)

षष्ठी शुक्ल अषाढ़ को, तज अच्युत सुर धाम।
माँ त्रिशला के गर्भ में, आए वीर महान्॥

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्लषष्ठ्यां गर्भमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

तेरस शुक्ला चैत्र को, जन्मे वीर जिनेश।
सिद्धारथ घर आँगने, उत्सव किए सुरेश॥

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

अगहन दसवीं कृष्ण को, तजा मोह परिवार।
बने तपस्वी तप सजे, होती जय-जयकार॥

ॐ ह्रीं मगशिरकृष्णदशम्यां तपमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

दसें शुक्ल वैशाख को, पाया केवलज्ञान।
शासन नायक बन पुजे, महावीर भगवान्॥

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लदशम्यां ज्ञानमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

कार्तिक कृष्ण अमास को, हरे कर्मरज सर्व।
पावापुर से मोक्ष जा, दिए दिवाली पर्व॥

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्ण-अमावस्यायां मोक्षमङ्गलमण्डिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

श्री महावीर जी के ११ गणधर अर्घ्यावली

(दोहा)

महावीर तीर्थेश को, करके नमोऽस्तु आज।
गणधर गुरुओं को भजें, मिले धर्म साम्राज्य॥

(अथ अर्घ्यावली प्रारभ्यते पुष्पांजलिं...)

(विष्णु)

महावीर के इंद्रभूति जी, प्रथम शिष्य आहा।
ओम् ह्रीं श्री इंद्रभूति गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री इंद्रभूति गणधराय अर्घ्यं...॥ १॥

महावीर के अग्निभूति जी, अग्नि हरें आहा।
ओम् ह्रीं श्री अग्निभूति गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अग्निभूति गणधराय अर्घ्यं...॥ २॥

महावीर के वायुभूति जी, वात हरें आहा।
ओम् ह्रीं श्री वायुभूति गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री वायुभूति गणधराय अर्घ्यं...॥ ३॥

महावीर के शुचिदत्त जी, शुचि दाता आहा।
ओम् ह्रीं श्री शुचिदत्त गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री शुचिदत्त गणधराय अर्घ्यं...॥ ४॥

महावीर के सुधर्म गणधर, सुधर्म दें आहा।
ओम् ह्रीं श्री सुधर्म गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री सुधर्म गणधराय अर्घ्यं...॥ ५॥

महावीर के माण्डव्य गणधर, मंडित हैं आहा।
ओम् ह्रीं श्री माण्डव्य गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री माण्डव्य गणधराय अर्घ्यं...॥ ६॥

महावीर के मौर्यपुत्र जी, मुख्य रहें आहा।
ओम् ह्रीं श्री मौर्यपुत्र गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मौर्यपुत्र गणधराय अर्घ्यं...॥ ७॥

महावीर के शिष्य अकम्पन, अकम्पन हैं आहा।
ओम् ह्रीं श्री अकम्पन गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अकम्पन गणधराय अर्घ्यं...॥ ८॥

महावीर के शिष्य अचल जी, अचल यंत्र आहा।
ओम् ह्रीं श्री अचल गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री अचल गणधराय अर्घ्यं...॥ ९॥

महावीर के मेदार्थ गणधर, मेधावी आहा।
ओम् ह्रीं श्री मेदार्थ गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री मेदार्थ गणधराय अर्घ्यं...॥ १०॥

महावीर के प्रभास गणधर, अंतिम हैं आहा।
ओम् ह्रीं श्री प्रभास गणधराय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्री प्रभास गणधराय अर्घ्यं...॥ ११॥

पूर्णार्घ्य

(ज्ञानोदय)

वर्तमान शासननायक के, इंद्रभूति हैं शिष्य प्रथम।
अंतिम हैं प्रभास गणधर जी, कुल ग्यारह को नमन-नमन॥

महावीर के शिष्य बनें हम, सम्यक् मार्ग दिखा देना।
अर्घ्य चढ़ाकर करें नमोऽस्तु, हम को पास बिठा लेना॥

ॐ ह्रीं श्री महावीरस्य इंद्रभूति-आदि एकादश गणधरेभ्यो पूर्णार्घ्यं...।

जाप्य मंत्र

ॐ ह्रीं श्री महावीरस्य इंद्रभूति-आदि एकादश गणधरेभ्यो नमः

जयमाला

(दोहा)

महावीर प्रभु के रहे, ग्यारह शिष्य महान।
गणधर गुरु हम पूज लें, जयमाला गुणगान॥

(ज्ञानोदय)

जिनशासन की अनादिधारा, तीर्थंकर प्रभु चला रहे।
भव्य-जीव तो इस धारा में, निज को धुला रहे॥
तीर्थंकर चौबीस जिनेश्वर, समय-समय पर जन्म धरें।
वृषभनाथ से महावीर तक, जिनशासन को धन्य करें॥१॥
अंतिम प्रभु श्री वर्धमान जी, वर्तमान जिननायक हैं।
जिनके शासन तीर्थकाल में, आज तत्त्व सुख दायक हैं॥
आओ! उनकी कथा कहें जो, पंचम बालयतीश रहे।
माँ त्रिशला सिद्धार्थ राज के, श्री नंदन जगदीश रहे॥२॥
स्वर्ग त्यागकर कुण्डलपुर में, जन्म लिए मुनि पद ध्याये।
बारह वय छद्मस्थ विताकर, केवलज्ञान प्रभु पाए॥
किन्तु हुई ना दिव्यदेशना, तब गौतम को ज्ञान मिला।
मुनि बन प्रथम बने गणधर जो, कुल ग्यारह का साथ मिला॥३॥
अंतिम गणधर प्रभास ज्ञानी, गुरु शिष्य ने आत्म भजी।
बनी चंदना प्रथम आर्यिका, समवसरण की सभा सजी॥

विपुलाचल पर दिव्यध्वनि दे, समवसरण की सभा तजी॥
पावापुर के सरवर से फिर, मोक्ष गए सो मुक्ति भजी॥४॥
कार्तिक कृष्ण आमवस प्रातः, प्रभु निर्वाण पधारे थे।
हुआ मोक्ष कल्याणक उत्सव, लाडू भक्त चढ़ाए थे॥
उसी शाम को गौतम गणधर, केवलज्ञान प्रकट करते।
सो संध्या में दीप जलाकर, घर-घर दीपोत्सव करते॥५॥
तब से चले वीरशासन यह, हम सबका उद्धार करे।
भव-भव तक हम ऋणी रहेंगे, हम पर प्रभु उपकार करें॥
ऋद्धि-सिद्धि-समृद्धि पाएँ, पर्व दशहरा दीवाली।
'विद्या' के 'सुव्रत' यह चाहें, मिले सभी को खुशहाली॥६॥

(दोहा)

महावीर भगवान् के, पूजे गणधर नाम।
गौतम गुरु सम शिष्य हों, सो हम करें प्रणाम ॥

ॐ ह्रीं श्री इंद्रभूति-आदि एकादश गणधर सहित श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

शिष्य वीर प्रभु के करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे! गणधर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

समुच्चय पूर्णार्घ्य

(दोहा)

चौबीसों भगवान के, अलग-अलग वा साथ।
चौदह सौ बावन भजें, गणधर जी विख्यात॥
वृषभसेन को आदि ले, अंतिम रहे प्रभास।
करके नमोऽस्तु पूज लें, सफल करें संन्यास॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर सम्बन्धिनः वृषभसेनादि प्रभासपर्यंत एकसहस्र-चतुशतक-द्विपंचाशत (१४५२) गणधर-ऋषिवरेभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये समुच्चय पूर्णार्घ्यं...।

समुच्चय जयमाला

(दोहा)

वृषभसेन से प्रभास तक, गुरु गणधर को पूज।
जयमाला के नाम से, गूँजे नमोऽस्तु गूँज॥

(ज्ञानोदय)

गुरु-शिष्य की परम्परा तो, चलती आई अनादि से।
इस धारा से बचती आई, भव्यात्मा भव व्याधि से॥
यह सर्वोच्च दशा चलती है, तीर्थंकर वा गणधर से।
सो तीर्थंकर के हर गणधर, हम तो पूजें सिर धर के॥१॥
रागादिक जो विजय कर चुके, जीव श्रेष्ठ वो जिनवर हैं।
जिनवाणी आचरण कराएँ, कुपथ हरें गुरु ईश्वर हैं॥
जाग्रत रहकर जगत जगाएँ, महागुणी जग पूज्य रहे।
पराक्रमी विद्वान जगत के, हरते सब दुख दर्द रहे॥२॥
मनोबली हैं वचनबली हैं, कायबली हैं गुरुवर जी।
तीन लोक में पूज्य पुरुष हैं, वर्द्धमान हैं श्रीधर जी॥

मोक्षमार्ग में श्रेष्ठ रहे हैं, सिद्ध गुणों को प्राप्त हुए।
काम हस्ति को सिंह सरीखे, गुणसागर गुरु प्राप्त हुए॥३॥
गुरु बिन इस संसार जगत में, कहीं सफलता मिले नहीं।
गुरु बिन सुन लो मोक्षमार्ग में, आकुलता भी टले नहीं॥
गुरु-शिष्यों का मिलन अनोखा, हर त्यौहार पर्व देता।
और करूँ क्या अधिक प्रशंसा, हमको खुशी सर्व देता॥४॥
इसीलिए तो गुरु-शिष्यों के, चरणों में हर तीरथ हैं।
गुरु ही हैं भगवान हमारे, गुरु ही तो भागीरथ हैं॥
गुरु-दर्शन है सम्यग्दर्शन, गुरु-ज्ञान हैं सम्यग्ज्ञान।
गुरु चर्या सम्यक्चारित्रा, 'सुव्रत' का कर दो कल्याण॥५॥

(सोरठा)

शिष्यों का कल्याण, होता गणधर ज्ञान से।
सो करके गुणगान, शीघ्र मिलें भगवान से॥

ॐ ह्रीं श्री वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर संबंधिनः सकल गणधर-ऋषिवरेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये समुच्चय-जयमाला सम्पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

ऋद्धिधारि मुनिवर करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, हे! गणधर जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

श्री विधान महिमा

(लय–श्री सिद्धचक्र का पाठ...)

आरती

(लय–छूम छूम छना नना...)

छूम छूम छना नना बाजे, बाबा करूँ आरतिया।
करूँ आरतिया बाबा करूँ आरतिया॥छूम छूम...
वृषभनाथ के वृषभसेन से, महावीर के प्रभास गणधर।–२
कुल चौदह सौ बावन, बाबा करूँ आरतिया ॥ करूँ...
तीर्थंकर से सुनकर वाणी, करें प्रसारित जग कल्याणी।–२
पाप हरें सुख बाँटें, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
हमको अपना दास बना लो, दासों का अनुदास बना लो।–२
मोक्ष महल तो घुमा दो, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
ज्ञान–ज्ञान की महिमा गाएँ, 'सुव्रत' ज्ञान चेतना ध्याएँ।–२
दुख अज्ञान नशाएँ, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...

===

गुरु कृपा से
बाँसुरी बना मैं तो
ठेठ बाँस था